वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 99 शुक्रवार 2 अगस्त 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर




### जिला कलक्टर ने किया जलभराव प्रभावित इलाकों का दौरा

# जयपुर में भारी बारिश के चलते कई इलाके जल भराव से हुए प्रभावित

**जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित लगातार कर रहे हैं मॉनिटरिंग। जल भराव की स्थिति में स्थानीय नियंत्रण कक्ष में किया जा सकता है संपर्क**

**जयपुर. कासं**

भारी बारिश के चलते गुरुवार को जयपुर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित अल सुबह से ही जलभराव से प्रभावित इलाकों का दौरा कर मौके का निरीक्षण कर रहे हैं। राजपुरोहित ने विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र, मानसरोवर एवं जयपुर एयरपोर्ट आदि स्थानों का दौरा कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलक्टर ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित कर राहत एवं बचाव के कार्य शुरू करवाए। जिला कलक्टर ने आमजन से बारिश के दौरान सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में जिले में भारी बारिश होने की संभावना है, ऐसे में निचले इलाकों एवं जर्जर भवनों में निवास कर रहे नागरिकों से जिला प्रशासन सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील कर रहा है। राजपुरोहित ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मानसून सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के साथ साथ ही स्थानीय बाढ़ नियंत्रण कक्षों की भी स्थापना की गई है। बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति में आमजन किसी भी समय बाढ़ नियंत्रण कक्षों पर संपर्क कर मौके पर त्वरित राहत प्राप्त कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित है जहां दूरभाष नंबर- 0141-2204475, 0141-2204476 पर संपर्क किया जा सकता है।

**बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति में स्थानीय बाढ़ नियंत्रण कक्षों पर भी किया जा सकता है संपर्क**

जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि आमजन जयपुर नगर निगम द्वारा अग्निशमन केंद्रों पर संचालित घाटगेट बाढ़ नियंत्रण कक्ष मोबाइल नंबर- 8279179063, आमेर बाढ़ नियंत्रण कक्ष



मोबाइल नंबर- 8279179060, वीकेआई बाढ़ नियंत्रण कक्ष मोबाइल नंबर- 8764880070, मालवीय नगर बाढ़ नियंत्रण कक्ष मोबाइल नंबर- 8764880030, मानसरोवर बाढ़ नियंत्रण कक्ष मोबाइल नंबर- 8764880060 एवं बनीपार्क बाढ़ नियंत्रण कक्ष (कांवटिया चिकित्सालय के पीछे) मोबाइल नंबर- 8279179150 पर संपर्क कर जा सकते हैं। साथ ही, आमजन जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बनीपार्क में संचालित बाढ़ नियंत्रण कक्ष दूरभाष नंबर- 0141-2203518 पर सपंर्क कर सकते हैं। स्वेज फार्म सामुदायिक केन्द्र पर स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का समन्वयक अधिकारी अधिशाषी अभियंता केसी गुप्ता मोबाइल नंबर- 9928699991, सामुदायिक केन्द्र दांतली पर स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का समन्वयक अधिकारी अधिशाषी अभियंता इरशाद अहमद मोबाइल नंबर- 8764231092 एवं वैशाली नगर सामुदायिक केन्द्र पर स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का समन्वयक अधिकारी अधिशाषी अभियंता तरुण सिंघल 8769383749 को नियुक्त किया गया है।

# एक व्यापारी-एक पेड़, माँ के नाम अभियान किया जाएगा शुरू



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। ज़िला व्यापार संघ की गवर्निंग बॉडी की मीटिंग होटल राजमहल में सहभोज के साथ सम्पन्न हुई। मीटिंग में संघ अध्यक्ष, संयोजक, तीनो उपाध्यक्ष, दोनों महासचिव, दोनों सचिव, सह कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी सहित करीबन 35 पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संघ की अभी तक की कार्यप्रणाली की सराहना की और अब संघ को समस्त भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक संगठन बनाने का संकल्प लिया ।सबने अपने अपने सुझाव दिये , पूरी तैयारी कर आये मीडिया प्रभारी ने कई महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। अंत में अध्यक्ष संजय घीया ने सभी का अल्प समय में इतनी बड़ी संख्या में मीटिंग में आने पर सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि संघ के गठन से अभी तक व्यापारियों की करीबन 8-9 सामूहिक समस्याओं, करीबन 1600 व्यक्तिगत व्यापारिक समस्याओं और करीबन 600 से ऊपर शहरवासियों की समस्याओं का 100 प्रतिशत सफलता के साथ निवारण किया गया , ब्यावर ही नहीं समस्त ज़िले की व्यापारिक समस्याओं का निवारण किया गया है। संघ की विशेषता बताते हुए घीया ने बताया कि एक फोन मात्र पर उपलब्धता है।एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत ब्यावर में ब्यावर व्यापार संघ द्वारा सभी की सहभागिता सुनिशिष्चित करने हेतु एक व्यापारी-एक पेड़ अभियान की शुरूआत की गई है , जिसमें संघ से संबंधित 4000 व्यापारियों के सहयोग से मसूदा रोड गोशाला में सघन पोधारोपण किया जाएगा, गो शाला में 4000 पोधे लगाये जाएँगे, जिस पर कार्य शुरू किया जा चुका है। मीटिंग के अंत में संघ अध्यक्ष संजय घीया और गॉर्वनिंग बॉडी सदस्य राकेश झालानी का खंडेलवाल समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में चयन पर माला, साफा पहना स्वागत किया गया।

# लोक- मंगल की कामना ही मनुष्य के जीवन का उद्देश्य होना चाहिए: महासाध्वी प्रितीसुधा



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** मनुष्य की अपनी इच्छाओं और सुख की चाह उसे अन्य जीवों से संसार में अलग बनाती है। गुरुवार को पंचायती नोहरा जैन स्थानक में महासाध्वी डॉ. प्रितीसुधा ने आयोजित प्रवचन धर्मसभा मे श्रध्दालुओं को धर्म उपदेश प्रदान करते हुए कहा कि लोक- मंगल की कामना ही मनुष्य के जीवन का उद्देश्य होना चाहिए ।मानव जीवन को निरर्थक और उद्देश्य हीन नहीं जाने देना चाहिए। उसे जीवन को सार्थक बनाने के लिए अपने लक्ष्यों को पहचानना, अपने मूल्य और सिद्धांतों के प्रति सच्चे रहना, और समाज में सकारात्मक योगदान देना आवश्यक है। उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने से न केवल हमें आत्मसंतोष मिलता है, बल्कि हम दूसरों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव वो ला सकता हैं। साध्वी संयमसुधा ने भजन के माध्यम से अपने भाव रखें। प्रवक्ता निलिष्का जैन ने जानकारी देतें हुए बताया धर्मसभा मे अपने भाई बहनो ने उपवास आयंबिल एकासन आदि के साध्वीवृंद से प्रत्याख्यान लिए जिनका श्रीसंघ के अध्यक्ष सुरेश नागौरी,महामंत्री रोशनलाल जैन, ललित चौधरी, राजेंद्र खोखावत, लक्ष्मीलाल वीरवाल, ओंकारसिंह सिरोया और महिला मंडल कि मंजू सिरोया आदि सभी ने तपस्या के प्रत्याख्यान लेने वाले तपस्वी साधकों का बहुमान किया।

**प्रवक्ता निलिष्का जैन**

# जितना झुकेंगे उतना ही ऊंचा उठेंगे: गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी

**गुंसी. शाबाश इंडिया**



श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी की पावन धरा पर ससंघ विराजित प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी क्षेत्र के आस - पास निवाई , चाकसू , जयपुर आदि स्थानों को धर्म से जोड़ने में प्रयासरत हैं। पूज्य गुरु माँ अनशन तप धारण करके , उत्कृष्ट साधना के माध्यम से अपनी आत्मा की कालिमा को दूर कर स्वयं के साथ साथ अपने शिष्यों को भी धर्म मार्ग में बढ़ा रही है। माताजी ससंघ की आहारचर्या करवाने का अवसर चौमुंबाग जयपुर समाज ने प्राप्त किया। पूज्य माताजी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि - जब तक हमारी कषाय हमारा मान नहीं गलेगा तब तक हम ऊंचाइयों को प्राप्त नहीं कर सकते ।जितना हम झुकना सीखेंगे उतना हम ऊंचाइयों की ओर बढ़ते जाएंगे। आगामी 4 अगस्त 2024 को पूज्य माताजी के 53 वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में भव्यता के साथ मनाया जायेगा।






# सखी गुलाबी नगरी का मैरियट में सखियों संग सावन की बहार कार्यक्रम आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सखी गुलाबी नगरी द्वारा हमेशा की तरह एक और मनोरंजक कार्यक्रम सखियों संग सावन की बहार का आयोजन होटल मैरियट में किया गया।अध्यक्ष सारिका जैन ने बताया कि कार्यक्रम में सदस्यों के लिए लहरिया थीम रखी गई, कार्यक्रम में फैशन शो का आयोजन किया गया जिसमें सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, फैशन शो की निर्णायक मिसेज राजस्थान 2018 अपर्णा गुप्ता थी, फैशन शो में अंकिता जैन को प्रथम , भानुप्रिया जैन को द्वितीय और विनीता जैन को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शो में शामिल सभी सदस्यों को पारितोषिक दिए गये। समारोह की मुख्य अतिथि नगर निगम ग्रेटर, जयपुर, सौम्या गूजर ने अपने उद्बोधन में लहरिया उत्सव, राजस्थान की संस्कृति, तीज के त्योहार पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों को शुभकामनाएँ दी।कार्यक्रम में दीपप्रज्वलन कर्ता पूर्व आईआईएस किरण सोनी गुप्ता, समारोह गौरव सुनीता महावीर कसेरा, विशेष अतिथि करिश्मा हाड़ा, संस्था की संरक्षक अनिला कोठारी और ममता सोगानी ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बड़ायी।कार्यक्रम का सुव्यस्थित संचालन प्रीति सक्सेना द्वारा किया गया।कार्यक्रम में लगभग 300 सदस्यों ने नृत्य व हाउजी के साथ लजीज व स्वादिष्ट भोजन का लुफ्त उठाया। सचिव स्वाति जैन ने बताया कि कार्यक्रम में सभी सदस्य राजस्थान की संस्कृति को दर्शाते हुए पारंपरिक वेशभूषा में पधारे।कार्यक्रम को सभी कमेटी मेंबर्स ने कड़ी मेहनत के साथ खूबसूरती से संजोया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों को संस्था की और से एक आकर्षक उपहार दिया गया।

## वेद ज्ञान

### दुख का अंत

आज प्रत्येक व्यक्ति दुखी है। उसकी स्वाभाविक मुस्कुराहट कहीं गुम हो गई है। हर चेहरा उदास, गमगीन व चिंतित दिखलाई पड़ता है। वह हंसने का प्रयास तो करता है, लेकिन अस्वाभाविक हंसी उसकी पोल खोल देती है। अब हंसने का कोई कारण तो होना चाहिए। बेदिली की हंसी से उसे राहत नहीं मिलती। तभी तो मनुष्य के अंदर का दर्द कहीं न कहीं से बाहर छलक ही पड़ता है। ये दुख तकलीफ मनुष्य के जीवन में क्यों हैं। क्यों मनुष्य से ये नाता जोड़े रहते हैं? क्यों नहीं इनसे पीछा छूट पाता। सर्वप्रथम दुखों के मूल कारण को जानना होगा तत्पश्चात उनसे छूटने के उपायों पर विचार करना होगा। अविद्या से उत्पन्न अज्ञान ही मनुष्य के दुखों का मूल कारण है। इसी अविद्या रूपी अंधकार के कारण हम बार-बार इस जगत रूपी दुखालय में आकर फंस जाते हैं। हमें सत्य दिखलाई नहीं पड़ता। इस दृश्यमान जगत को ही सत्य मानकर उसको पकड़ लेने की चेष्टा करना ही दुखों के भंवर जाल में फंसने का कारण बन जाता है। सांसारिक चकाचौंध व भौतिकता के इस साम्राज्य में अपने निज स्वरूप को मनुष्य भुला बैठा है। आज दृश्यमान भौतिक जगत रूपी छाया रूपी माया को पकड़ लेने की होड़ सी मच गई है। याद रखें, हर चमकती चीज सोना नहीं होती। बाहरी चमक-दमक हमें इंद्रिय लोलुप बना रही है। आज ऐसी सोच स्थापित हो गई है कि किसी प्रकार से भी भौतिक साधन संपन्न बनकर इंद्रिय सुख का भरपूर भोग करने में सक्षम हो जाया जाए। इंद्रियों को किस प्रकार तृप्त किया जाए। बस इसी को प्रधानता दी गई है। भौतिक संसाधनों से इंद्रिय सुख प्राप्त कर लेने की यह लालसा जीव को दुखों के जाल में फंसा देती है। अब दुखों से छुटकारा पाने के लिए इस अविद्या रूपी अंधकार को हटाकर ज्ञान के प्रकाश में रास्ता ढूंढ़ निकालना होगा। ज्ञान रूपी प्रकाश में हमें आगे बढ़ना होगा। सर्वप्रथम हमें मनुष्य जीवन क्यों प्राप्त हुआ है और इसकी सार्थकता पर विचार करना होगा। फिर यह विचार भी करना होगा कि यह प्राप्त मानव जीवन बहुत बहुमूल्य है। इसलिए इस सतत परिवर्तनशील विनाशी जगत को पकड़ लेने की अभिलाषा का पूर्ण रूप से त्याग करना होगा।

## संपादकीय

# प्रकृति के आगे बेबस...



केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद हुए भूस्खलन के कारण मरने वालों की संख्या 165 तक पहुंच चुकी है। 220 लापता हैं तथा 131 घायल हुए हैं। मुंडक्कई, अय्यामाला, चूरलमाला और नूलपुझा गांव में देर रात को हुई इस दुर्घटना के बाद बचाव कार्य जारी है। हजारों लोगों को बमुश्किल निकाला जा सका तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम जारी है। इस बीच, मौसम विभाग भारी बरसात की चेतावनी अब भी दे रहा है।



मल्लपुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों में चेतावनी के साथ ही एनार्कुलम, इडुक्की, त्रिशूर में भी भारी बरसात होने की संभावनाएं व्यक्त की गई हैं। वायनाड का मुख्य पुल बह जाने से सैकड़ों फंसे लोगों का बचाव मुश्किल हो गया है। ढेरों घर बह गए हैं। करीब के चाय बागान के 35 कर्मचारियों का भी पता नहीं चल पाया है। हालांकि अब तक यह पता नहीं चल सका है कि चाय बागानों में कितने मजदूर काम कर रहे थे। पांच साल पहले भी इन्हीं गांवों में भूस्खलन हुआ था, जिसमें 50 से ज्यादा घर बह गए थे। लापता लोगों में से पांच का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। इसलिए परिवार बेहाल हैं। वे अपनों को ढूंढने और अपने तबाह हो गए घर को देखने की गुहार लगा रहे हैं। मोबाइल टावरों के क्षतिग्रस्त होने से फोन सेवाएं भी बाधित हैं। आपदा प्रबंधन दल के लिए उन इलाकों तक पहुंचने में खासी दिक्कतें आ रही हैं। वे केबल के सहारे हैं तथा हैलीकॉप्टर से घायलों को लाने-ले जाने का काम कर रहे हैं। वायनाड पठारी इलाका है जिसकी 51% भूमि पहाड़ी ढलान वाली है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार केरल का 43% इलाका भूस्खलन प्रभावित इलाका है। मानसून के दौरान यहां हमेशा जबरदस्त बरसात होती है। नदियों में बरसाती पानी के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। प्राकृतिक आपदाओं के चलते प्रति वर्ष देश में हजारों लोग मारे जाते हैं, और हजारों लोग बेघर हो जाते हैं। देखने में आया है कि हाल के वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं की बारंबारता में इजाफा हुआ है। बेशक, सरकार मदद करती है, मुआवजा भी देती है। मगर इससे पीड़ितों को न तो खास राहत नहीं मिलती है, न ही सबको मिल सकती है। सरकारी महकमे की धांधली से बचाव असंभव है। सेना के तीनों अंग और एनडीआरएफ ऐसे वक्त में आपदाग्रस्त देशवासियों के खासे मददगार साबित होते हैं।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# अरब क्षेत्र की चिंता

इजरायल की आक्रामकता का नया सिलसिला फिर चर्चा में है और इसके साथ ही पश्चिम एशिया के देशों में चिंता की नई लहर दौड़ गई है। पहले लेबनान के बेरूत में आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के कमांडर फउद का अंत कर दिया गया और उसके बाद ईरान के तेहरान में आतंकी संगठन हमास के नेता इस्माइल हनियेह की हत्या कर दी गई। बुधवार शाम तक एक ही हत्या की जिम्मेदारी इजरायल की ओर से ली गई। ईरान में हुई सनसनीखेज हत्या विश्व राजनय के लिए ज्यादा गंभीर मामला है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इजरायल घोषित रूप से हमास और अन्य आतंकी संगठनों को समाप्त कर देना चाहता है, पर उसके तरीके को लेकर विवाद बढ़ सकता है। हिजबुल्लाह के कमांडर का तो इजरायल ने सीधे अपराध भी गिना दिया है। उसे इजरायल में 12 बच्चों की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया है। फिलहाल, खासकर इस्माइल हनियेह की हत्या इसलिए ज्यादा मायने रखती है, क्योंकि वह युद्धविराम की बातचीत में शामिल थे। गाजा को लेकर पहले ही भयंकर विवाद चल रहा है और पिछले कुछ दिनों से इजरायल व लेबनान में संघर्ष की स्थिति बढ़ गई है। ऐसे में, लेबनान में इजरायल द्वारा की गई कार्रवाई से जंगी माहौल को ही बल मिलेगा। गौर करने वाली बात है कि हमास भले ही एक आतंकी संगठन हो, पर पश्चिम एशिया के देशों में उसे अलग नजरिये से देखने वाले बहुत हैं। तभी तो हमास ने अपने नेता की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए उनको शहीद बताया है। इस्माइल चूंकि नए ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के शपथ समारोह में भाग लेने गए थे, इसलिए ईरान में भी बहुत नाराजगी है। पश्चिम एशिया में आज एक बड़ा सवाल है कि क्या ईरान इजरायल पर हमलावर हो सकता है? वैसे तो इजरायल के प्रति पश्चिम एशिया के देशों में बहुत हद तक नफरत का भाव है, पर इजरायल अपने दुश्मनों पर इक्कीस साबित होता रहा है। पश्चिम एशिया के देश रह-रहकर अपना गुस्सा प्रकट करते हैं, पर सीधे इजरायल से लड़ना उनके लिए आसान नहीं है। इजरायल ने यह एहसास उन सभी देशों को करा दिया है कि खुली जंग किसी के लिए भी खतरे से खाली नहीं है। आज जिस तरह की स्थिति पश्चिम एशिया में है, साफ तौर पर यह कहना मुश्किल है कि कौन पूरी तरह सही है और कौन पूरी तरह गलत। इजरायल अपने दुश्मनों के प्रति जरूरत से ज्यादा आक्रामक है, तो इसके पीछे शायद उसके अपने पुराने अनुभव हैं। दूसरी ओर, अनेक देश हैं, जो आतंकियों को पूरा सहयोग देते हैं, अपनी जमीन पर पनपने-रहने देते हैं, हथियार देते हैं, ऐसे देशों का खुलकर कैसे पक्ष लिया जाए? पश्चिम एशिया में प्रतिशोध एक बहुत त्रासद शब्द है, उसके बारे में सोचकर सिवाय दुख के कुछ भी हासिल नहीं होता। अगर तेहरान में मारे गए इस्माइल की ही बात करें, तो पूर्व में उनके परिवार के करीब 14 लोग मारे जा चुके हैं। ये सभी 14 लोग कतई आतंकी नहीं थे। प्रतिशोध के नाम पर मासूम बच्चों को भी नहीं छोड़ा जाता, न इजरायल छोड़ता है और न हिजबुल्लाह या हमास, तो फिर भलमनसाहत या इंसानियत का अतिरिक्त लाभ किसे दिया जाए? बदला लेने का यह बर्बर तरीका किस मजहबी किताब से सीखा गया है? मजहब के नाम पर हैवानियत भरी जंग की जितनी निंदा की जाए, कम होगी। कम से कम आधा दर्जन पश्चिम एशियाई देशों का रवैया सिर्फ निराश ही नहीं करता है, बल्कि पूरी दुनिया को चिंता में डाल देता है।

# सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर से सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रोफेसर रमेश कुमार रावत ने की शिष्टाचार भेंट



**गैंगटोक. शाबाश इंडिया**


सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रोफेसर रमेश कुमार रावत ने देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु की और से सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर से सिक्किम प्रदेश की राजधानी गैंगटोक के राजभवन मे शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रोफेसर रमेश कुमार रावत ने महामहिम राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर से आशर्वाद लिया एवं उन्हे पुष्प गुच्छे भेट कर स्वागत किया । राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर को रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा लिखित देश के रास्ट्र गीत का फोटो फ्रेम एवं मूमेंटो भी भेंट किया। इस अवसर पर प्रोफेस्सर रमेश कुमार रावत की पत्नी सविता देवी रावत एवं पुत्र लीलार्ध रावत भी उपस्थित थे।

# सहशैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ाने हेतु पांच सदनों का गठन



**कुई इंदा. शाबाश इंडिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुई इंदा बालेसर में भारती एयरटेल फाउंडेशन के क्वालिटी सपोर्ट कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों सहशैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ाने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुई इंदा बालेसर में भारती एयरटेल फाउंडेशन के क्वालिटी सपोर्ट कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों सहशैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ाने हेतु पांच सदनों का गठन किया गया। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पृथ्वी, अग्नि, वायु, जल व आकाश हाउस का गठन कर इसके उद्देश्य से एवं गतिविधियों पर विस्तार से समझ बनाई गई। प्रत्येक हाउस से कप्तान व उपकप्तान का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किया और मतदान की पूरी प्रक्रिया को समझा। इस गतिविधि से विधार्थियों में लोकतान्त्रिक चुनाव प्रणाली की समझ बनी । हाउस के गठन से विधार्थियों में सहशैक्षणिक गतिविधि में भागीदारी बढ़ाने में सहयोग मिलेगा । कार्यक्रम में सहयोग पी.ई.ई.ओ. श्रीमती सुनीता वर्गी, हिम्मत सिंह, कन्हैया लाल, माला राम, ओम प्रकाश सांखला, गीता राठौड़, नीतू जांगिड़, श्रीमती संजू, प्रेमलता बोड़ा, कांता जी, पंचायत सहायक अनिल पालीवाल, राजीव दहिया व किशन पालीवाल ने किया । कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग भारती एयरटेल फाउंडेशन के अकादमिक मेंटर पुनीत भटनागर ने किया। हेतु पांच सदनों का गठन किया गया। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पृथ्वी, अग्नि, वायु, जल व आकाश हाउस का गठन कर इसके उद्देश्य से एवं गतिविधियों पर विस्तार से समझ बनाई गई। प्रत्येक हाउस से कप्तान व उपकप्तान का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किया और मतदान की पूरी प्रक्रिया को समझा। इस गतिविधि से विधार्थियों में लोकतान्त्रिक चुनाव प्रणाली की समझ बनी। हाउस के गठन से विधार्थियों में सहशैक्षणिक गतिविधि में भागीदारी बढ़ाने में सहयोग मिलेगा।

# महावीर पब्लिक स्कूल में 2 व 3 अगस्त को होगा भव्य वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत महावीर पब्लिक स्कूल, सी- स्कीम जयपुर में पुस्तकीय ज्ञान को व्यवहारिक व प्रायोगिक दृष्टिकोण से देखने तथा बच्चों की अभिव्यक्ति की प्रतिभा के विकास हेतु दिनांक 2 अगस्त व 3 अगस्त को प्रातः 9:00 से 1:00 बजे तक एक भव्य वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन और अत्याधुनिक ए.आई. लैब, मैथ्स लैब व जियोग्राफी लैब का शुभारंभ होने जा रहा है। जिसका उद्घाटन दिनांक 2 अगस्त को प्रातः 9:00 बजे मुख्य अतिथि हेमंत मीणा (कैबिनेट मंत्री, राजस्व विभाग, राजस्थान सरकार) के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। इस प्रदर्शनी के गेस्ट ऑफ ऑनर कालीचरण सर्राफ (सदस्य, राजस्थान विधानसभा) होंगे। यह प्रदर्शनी रकला एकीकृत शिक्षार पर आधारित है, जिसमें बच्चों ने रकरके सीखनार शिक्षण कौशल का प्रयोग करके अपनी मानसिक प्रतिभा का सजीव चित्रण किया है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों के करीब 700 वर्किंग और नॉन वर्किंग मॉडल्स का प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना, शिक्षा प्रणाली को लचीला बनाना, बच्चों को अनुशासन सीखाना, एजुकेशन पॉलिसी को पारदर्शी बनाना, बच्चों की नई-नई सोच को क्रिएटिविटी देना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विकास करना, विषयों के शोध पर ज्यादा ध्यान देना, भाषा की बारीकियों को समझना, बच्चों के बौद्धिक विकास का सशक्तिकरण करना और उनमें आत्मविश्वास उत्पन्न करना आदि हैं।

# कुदन गांव में बनेगा राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम, महरिया परिवार करवाएगा निर्माण

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया व पूर्व विधायक नन्द किशोर महरिया के भाई सुधीर महरिया की याद में बनेगा स्टेडियम

### 40 बीघा भूमि पर फुटबॉल, बास्केटबॉल, क्रिकेट के मैदान, एथलेटिक्स ट्रैक और पवेलियन का होगा निर्माण

**सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया**

कूदन। निकटवर्ती गांव कूदन में महरिया परिवार की ओर से 40 बीघा भूमि पर राष्ट्रीय स्तर के खेल स्टेडियम का निर्माण करवाया जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया एवं पूर्व विधायक नंदकिशोर महरिया भाई सुधीर महरिया की पुण्य स्मृति में राष्ट्रीय स्तर के खेल स्टेडियम का निर्माण करवाया जा रहा है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया व पूर्व विधायक नंदकिशोर महरिया द्वारा भाई सुधीर महरिया की पुण्य स्मृति में कूदन के राजकीय सीनियर विधालय के खेल मैदान का विधिवत पूजा अर्चना करते हुए शिलान्यास किया। नन्द किशोर महरिया ने बताया कि सुधीर महरिया खेल स्टेडियम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय मापदंड के अनुसार फुटबॉल, बास्केटबॉल, क्रिकेट के मैदान सहित एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। दर्शकों के बैठने के लिए दर्शक दीर्घा पवेलियन भी बनाया जाएगा। अति आधुनिक सुविधा युक्त बनने जा रहे सुधीर महरिया खेल स्टेडियम का भूमि पूजन एवं शिलान्यास बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया एवं सिद्धार्थ महरिया द्वारा किया गया ।नन्द किशोर महरिया ने बताया कि 29 जुलाई को माता श्रीमती शांति देवी एवम् पिता बृज मोहन महरिया की पुण्य तिथि के अवसर पर यह तय किया गया कि कूदन गांव में विशाल स्टेडियम का निर्माण करवाया जायेगा। स्टेडियम को बनाने का खर्चा सुधीर महरिया स्मृति संस्थान



के द्वारा व सुभाष महरिया, नंदकिशोर महरिया विनीत महरिया, प्रतीक महरिया व सिद्धार्थ महरिया द्वारा संचालित फर्म वहन करेगी। इस अवसर पर पूर्व भूमि विकास बैंक चेयरमैन चिरंजी लाल महरिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया व नन्द किशोर ने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र में खिलाड़ियों में खूब स्टैमिना और स्ट्रैंथ है अगर उन्हें सुविधा और नियमित अभ्यास का मौका मिलेगा तो वह जल्द ही यहां से अनेक मनु भाकर जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिभा निकालकर आगे आएंगी। उन्होंने ग्रामवासियों से निवेदन करते हुए कहा की आधुनिक सभी सुविधा युक्त मैदान और स्टेडियम का निर्माण तो महरिया परिवार करवा कर दे रहा लेकिन जरूरी है कि यहां पर नियमित रूप से खिलाड़ी खेले। आपसी सामंजस्य और सहयोग की भावना से इसको मेंटेन करते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते रहें। सुधीर महरिया स्मृति संस्थान निदेशक बी एल मील ने बताया कि संस्थान पिछले 35 वर्षों से सामाजिक सरोकार गतिविधियां रक्तदान, वृक्षारोपण, प्रतिभाओं का सम्मान, सड़क सुरक्षा गतिविधि, मेडिकल कैंप, गरीब एवं असहाय लोगों को पेंशन, अनाथ बच्चों को पोशाक वितरण, खिलाड़ियों के लिए खेल सामग्री और खेल सुविधाएं, ग्रामवासियों की मांग पर सामुदायिक परिसंपत्तियों का निर्माण सहित अनेक सामाजिक सरोकार की गतिविधियों का आयोजन नियमित रूप से करता आ रहा है। इस अवसर पर शिक्षाविद दयाराम महरिया, चाचा पूरणमल सुंडा एवं भूपेंद्र काजला ने महरिया परिवार द्वारा किए जा रहे सामाजिक सरोकार की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए क्षेत्र वासियों के लिए एक अच्छी पहल बताया। सुधीर महरिया खेल स्टेडियम शिलान्यास समारोह में पूर्व विधायक नंदकिशोर महरिया , उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया,वयोवृद्ध त्रिलोका राम जाखड़, प्रो जवाहर सिंह जाखड़, चाचा पूर्णमल सुंडा,पूर्व सरपंच नौरंग जी रशीदपूरा , सरपंच दिनेश आर्य, भूपेंद्र काजला, पूर्व पंचायत समिति सदस्य महेंद्र सुंडा, भूमि विकास बैंक अध्यक्ष कैलाश तिवारी , राजेश खाखल, पूर्व सरपंच जेपी थोरासी,भूंवाला सरपंच रामचंद्र सुंडा,फूल जी जाखड़,भैरूपुरा सरपंच रामकुमार पचार , हरफूल खीचड़, खेमचंद महला, निर्मल खेतान, अर्जुन घासोलिया, आर डी सिंह, संजय कृष्णिया, शेरसिंह सुंडा, लालचंद खैरवा, दुर्गा सिंह सुंडा, जगदीश जाखड़ , इंजीनियर भोलाराम चौधरी, अशफाक खान, श्रवण बुरड़क, विकास सुंडा, अब्बास किरडोली, पूर्व सरपंच झीगर किरण, भंवर सिंह पीटीआई, महावीर काजला, श्रवण महरड़ा, मामराज महरड़ा, गोपाल शर्मा, उप सरपंच करण सिंह शेखावत, रामेश्वर सुंडा, महेश सोनी, केशर काजला,विक्रम कुल्हरी, मील यालसर, फतेह सिंह महरिया, वार्ड पंच बलवीर ढ़ीकिया, जगदीश सुंडा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। महात्मा गांधी राजकीय बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य संपत सुंडा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा ग्राम पंचायत कूदन सरपंच प्रतिनिधि सुल्तान सुंडा ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# आचार्य आनंद ऋषि का लक्ष्य ज्ञान को सबमें बांटना रहता था: युवाचार्य महेंद्र ऋषि

**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

चैन्नई। एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में चातुमार्सार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषि महाराज ने नौ दिवसीय आनंद जन्मोत्सव के पंचम दिवस गुरुवार को विशाल धर्मसभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करतें हुए कहा कि आचार्य आनंद ऋषिजी में करुणा के भाव कूट- कूट कर भरे थे। उनकी ज्ञान साधना का लक्ष्य था भीतर में रही हुई करुणा को प्रकट करना। वास्तविकता में उनका ज्ञान और ज्ञानियों के प्रति अहोभाव जागा। ऐसे ज्ञान में आगे बढ़ने की क्षमता रहती है। विपरित परिस्थितियों में भी उन्होंने अपनी ज्ञान साधना को आगे बढ़ाया। ज्ञान के प्रति लगन तपस्या, साधना है। उनका एक सूत्र था जो करना है, लगन से करना, रोते हुए मत करो। ज्ञान के लगन की उन्होंने तल्लीनता से साधना की। उनके स्वरों में मधुरता थी। उनके प्रवचन बहुत ही अद्भुत व सरल होते थे। वे जिस विषय से शुरूआत करते थे, अंत उसी विषय के अनुकूल करते थे। उन्होंने कहा शास्त्रकार कहते हैं जितने भी अज्ञानी जीव है, वे सभी दुःख का अनुभव कर रहे हैं, दुःख को उत्पन्न कर रहे हैं और दुःख में जी रहे हैं। संसार को चक्की



की उपमा दी गई है जो किए हुए धर्म को पकड़ लेता है, वह तिर जाता है। सारा संसार जागते हुए भी पीड़ा पा रहा है। उन्होंने कहा हमारे यहां तीन तत्व है देव, गुरु और धर्म। देव अरिहंत परमात्मा है। गुरु साधु- साध्वी है और धर्म दयामय है। हमारी आत्मा का दर्शनगुण देव हैं, ज्ञानगुण गुरु है। आनंद ऋषिजी ज्ञान का महत्व जानते थे। उनका लक्ष्य ज्ञान को सबमें बांटना रहता था। उनके प्रवचनों में कबीर, तुलसीदास के पद होते थे। विभिन्न धर्मों और भाषाओं का ज्ञान होने से जैनेतर लोग उनके प्रवचनों से जुड़ते थे। वे लोग अपनापन महसूस करते थे। उनकी प्रवचन की पुस्तक कहीं से भी पढ लो, आपको महसूस होगा कि यह घटना आज मेरे साथ घट रही है। स्थानीय मराठी जनता को जैन धर्म समझ में आए, इसलिए मेरी भावना की पुस्तक उनको पढ़ने के लिए देते थे। उन्होंने कहा लोगों को जैन धर्म की शिक्षा पहुंचाना उनका लक्ष्य था। जैन समाज में परीक्षा के माध्यम से ज्ञान को जगाने का पहले प्रयास का उपक्रम उन्होंने शुरू किया। 1936 में शुरू हुए यह पाठ्यक्रम किसी समुदाय, धारणा या परंपरा को प्रभावित नहीं करती बल्कि केवल जैन धर्म के अनुसार रहता था। उनका पाठ्यक्रम पाकिस्तान में भी पढ़ाया जाता था। आज हमें यही प्रेरणा लेनी है कि हम ज्ञान साधना को ग्रहण करने का पुरुषार्थ करेंगे और दूसरों के अध्ययन में सहायक बनेंगे। महासंघ के महामंत्री धमीचंद सिंघवी ने जानकारी देतें हुए बताया गुरुवार को नवकार मंत्र जप के लाभार्थी रुकमादेवी इंदरचंद कोठारी परिवार थे। इस दौरान आरक्कोणम स्थित आनंद महिला मंडल की सदस्याएं युवाचार्यश्री के दर्शनार्थ व वंदनार्थ उपस्थित रही।

# एक दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

## कोटखावदा पार्श्वनाथ चैत्यालय में जयकारों के बीच नवीन वेदी में विराजे जिन बिम्ब

**अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया**

कोटखावदा। कोटखावदा के बडा- बास स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय में जीर्णोद्धार के पश्चात बुधवार 31 जुलाई को आयोजित एक दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ। जयकारों के बीच नवीन वेदियो में जिन बिम्बों को विराजमान किया गया। इस मौके पर झण्डारोहण, घट यात्रा, याग मण्डल पूजा विधान, वात्सल्य भोज सहित कई धार्मिक आयोजन किये गए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि चैत्यालय में अजमेर निवासी चन्द्रकला कासलीवाल धर्म पत्नी स्व. श्री प्रेम चन्द कासलीवाल परिवार ने जीर्णोद्धार के बाद तीन वेदियों का निर्माण करवाया है। प्रतिष्ठाचार्य रमेश गंगवाल एवं वास्तुविद राज कुमार कोठयारी के निर्देशन में महोत्सव में प्रातः 6.00 बजे मंत्रोच्चार के साथ श्री जी के अभिषेक, शांतिधारा की गई। प्रातः 7.30 बजे जयकारों के बीच अजमेर निवासी चन्द्रकला मनीष जैन परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। प्रातः 8.30 बजे बडा बास स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र से चैत्यालय के लिए विशाल घटयात्रा रवाना हुई।घटयात्रा में महिलाऐं केसरिया साड़ी पहने हुए सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाते शामिल हुई। घटयात्रा मैन मार्केट होते हुए चैत्यालय पहुची जहां महिलाओं द्वारा कलश में लाये हुए जल से मंत्रोच्चार के साथ वेदी शुद्धि की गई। आयोजन से जुड़े हुए शांति चांदवाड ने बताया कि प्रातः 10.30 बजे संगीतमय याग मण्डल विधान पूजा की गई। विधान पूजा में बडी संख्या में इन्द्र - इन्द्रणियो ने अष्ट द्रव्य से जयकारों के साथ मंत्रोच्चार करते हुए अर्घ्य चढाये। विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि दोपहर 1.00 बजे नवीन वेदियों में जयकारों के बीच श्री जी को विराजमान किया गया। एक वेदी में खडगासन पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा, दूसरी वेदी में कोलिया से आई हुई भगवान सुपार्श्वनाथ की प्रतिमा एवं तीसरी वेदी में महेश पुरा से आई हुई श्याम वर्ण पाषाण की भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा को विराजमान किया गया। प्रचार प्रसार मंत्री अमन जैन कोटखावदा ने बताया कि महोत्सव में कोटखावदा, जयपुर, अजमेर,चाकसू,छोटा गिरनार बापू गांव, निमोडिया, रुपाहेडी कलां, काशीपुरा, महादेव पुरा, बस्सी, दणाऊकलां सहित आसपास के क्षेत्रों के जैन बन्धु बड़ी संख्या में शामिल हुए ।



## डॉ प्रमिला जैन जेएसजीआईएफ के सर्वोच्च सम्मानजनक डायमंड अवार्ड से सम्मानित



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोश्यल ग्रुप्स इन्टरनेशनल फेडरेशन के अध्यक्ष अमीश भाई दोशी द्वारा संगिनी मैन उदयपुर जब की अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन को लगातार उत्कृष्टता के चार क्वार्टर्स में गोल्ड अवार्ड विजेता रहने पर JSGIF का सर्वोच्च सम्मानजनक पुरस्कार 'डायमंड पेंडेंट' प्रदान कर मेवाड़ रीजन के संवादएवें सांस्कृतिक कार्यक्रमे में नवाजा गया। अमीश भाई ने डॉ प्रमिला की कार्यशैली की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुऐ कहा कि पुरे भारतवर्ष के दस रीजन की 92 संगिनी ग्रुप्स में केवल मेवाड़ रीजन की संगिनी मैन उदयपुर की अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन को ही उत्कृष्टत कार्यशैली हेतु यहे सम्मानजनक पुरस्कार प्रदान किया ऐसा सम्मानजनक पुरस्कारे फेडरेशन के इतिहास में पहली बार प्रदान किया है। साथ ही फेडरेशन स्तर पर एक पत्र लेखन प्रतियोगिता में भी डॉ प्रमिला जैन ने अमीश भाई के व्यक्तित्व व कृतित्व को अपनी लेखनी के मोती में पिरोकर भेजा जिसे फेडरेशन स्तर पर सराहा गया व 32 उत्कृष्ट पत्रों से संकलित 'अनमोल' बुकलेट में प्रकाशित किया गया जिसकी एक प्रति व्यक्तिगत रूप से अमीश भाई के ओटोग्राफ के साथ उन्ही के कर-कमलों से डॉ प्रमिला को समर्पित की गई। डॉ प्रमिला जैन ने बताया कि अभी तक फेडरेशन स्तर पर वे नौ अवार्ड प्राप्त कर अपने आपको बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रही है। मेवाड़ रीजन के लिए भी यह बहुत ही गौरव का विषय है।

## तीये की बैठक

याद रहेंगे हमे सदा सद-संस्कार आपके, हम सदा बढ़ते रहेंगे, पथ पर आपके।
आप सदा जीवित हैं विचारों में हमारे, श्रद्धा-सुमन अर्पित है चरणों में आपके।।



1934-2024

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय

**श्रीमती राजदेवी**

(धर्मपत्नी स्व. श्री लादू राम जी लुहाड़िया सांवर वाले)

का स्वर्गवास 31.07.2024 को हो गया है। जिनकी **तीये की बैठक** 02.08.2024 को प्रातः 10 बजे तोतूका भवन, भट्टारक जी की नसियां में होगी।

**शोकाकुल**

**देवरानी**
कान्ता देवी

**पुत्र-पुत्रवधू**
विनोद शास्त्री,
रविन्द्र-बीना,
आनन्द-प्रीति

**भतीजे**
प्रमोद, सुबोध, प्रसन्न,
पवन, पियुष, सन्तोष

**जंवाई**
पुखराज जी पहाड़िया,
त्रिलोक चन्द जी सौगाणी

**ननद**
कान्ता बाकलीवाल

**दोहिती-जंवाई**
भाषा-विनयजी

**दोहिता-दोहिताबहु**
दीपक-रानू

**पौत्र-पौत्रवधु**
विक्रम-नीता, मनोज-मेघना,
रुबल-श्वेता, अंकित-शीन,
आयुष-रुपाली

**पड़पोते, पड़पोती**
गुनगुन, दीपक, मानव, रुशेता,
खुश, आदिनाथ, तारुषी, अगम, टियाना

रिया **(पौत्री)**, चंचल-राजेश जी **(पौत्री-जंवाई)**

**एवं समस्त लुहाड़िया परिवार मो. 9828076193, 9314933030, 9314561919**

**पीहर पक्ष:** प्रेमचन्द, विजय कुमार एवं समस्त दीवान परिवार।

# दिगम्बर जैन महासमिती माध्यचाल महिला अंचल पुर्वी संभाग द्वारा 10हजार पेड़ लगाने का लिया संकल्प





इंदोर. शाबाश इंडिया। मुकुट मांगलिक भवन गुमाश्ता नगर में आयोजित माध्यचाल महिला अंचल की बेठक में आमंत्रित अतिथि गण श्रीमती जुही पुष्पमित्र भार्गव , श्रीमती आशा बड़जात्या , एवं श्रीमती रेखा पंडीत के सानिध्य में महासमिति की 250 महिलाओं ने इंदोर शहर के विभीन्न क्षेत्रो में दस हजार पेड़ लगाने का संकल्प लिया। इसके पहले माध्यचाल महिला अंचल पुर्वी संभाग इंदोर की अध्यक्ष श्रीमती स्मिता गंगवाल ने अपने नये सत्र के लिए रचनात्मक एवं मानव सेवा कार्य के बारे में जानकारी दी ।कोषाध्यक्ष श्रीमती शीलू पाटनी ने आमंत्रित सभी अतिथियों का स्वागत किया ।उपस्थित सदस्य रानी कलर की लहरिया ड्रेस में आई ।सदस्यों के लिए संयोजक गण ने गेम्स एवं तंबोला का आयोजन किया , उपरोक्त जानकारी महासचिव श्रीमती किरण कासलीवाल ने दी ।

# रंगारंग कार्यक्रमों के बीच मनाया अग्रसेन पब्लिक स्कूल का 44 वां स्थापना दिवस



जयपुर. शाबाश इंडिया। जय गणेश देवा......, ये तो सच है कि.. एवं म्हारी घूमर.... आदि धार्मिक, भावुक एवं लोकगीतों ने महाराजा अग्रसेन ऑडिटोरियम में बैठे सभी लोगों को झूमने पर मजबुर कर दिया। मौका था सांगानेरी गेट स्थित श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल के 44 वें स्थापना दिवस का। इस अवसर पर श्री अग्रवाल शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेश दीवान, महासचिव नरेश सिंघल, स्कूल सचिव कमल नानूवाला एवं अन्य गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रारंभ में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रथम पूज्य का स्मरण कर माता सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रच्वलित किया। इस अवसर पर अग्रसेन सिविल सर्विसेज के सचिव अरविन्द अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य राजेश नागौरी, मालीराम गुप्ता, रूपकिशोर गोयल, योगश बिन्दल, सहायक आयुक्त स्काउट जयपुर दामोदर शर्मा का स्कुल सचिव कमल नानूवाला एवं प्राचार्या अमिता कूलवाल ने पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया। इसके बाद प्रारम्भ हुआ रंगारंग कार्यक्रम जिसमें विद्यार्थियों ने पेरेन्टस डांस, प्लास्टिक बैन पर, पर्यावरण संरक्षण एवं म्हारी घूमर जैसे गीतो के माध्यम से नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन जीत लिया। इसके अलावा राधाकृष्ण फूल महोत्सव नृत्य, स्केटिंग नृत्य एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नाटीका ने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ कक्षा 10 की छात्रा रिद्धी अग्रवाल, कक्षा 12 वी विज्ञान के छात्र कर्ण गर्ग, 12 वी वाणिज्य की छात्रा दिव्या मंगल तथा 12 वी कला की छात्रा डिंपल को बोर्ड परिणामों में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरूस्कृत किया गया। साथ ही स्काउट गाइड में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अंत में स्कूल सचिव कमल नानूवाला ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार जताया।

# मालवीय नगर संभाग द्वारा रामदेव गौशाला-बगरू में सेवा




जयपुर. शाबाश इंडिया

दिगम्बर जैन महासमिति के 50 वीं स्वर्णजयंती वर्ष महोत्सव पर मालवीय नगर संभाग द्वारा भामाशाह उत्तम कुमार पांड्या दिगम्बर जैन महासमिति के शिरोमणि संरक्षक एवं निवर्तमान अध्यक्ष राजस्थान अंचल के सौजन्य से रामदेव बगरू गौशाला में गायों की सुरक्षा हेतु एक कलश की राशि प्रदान की गई साथ ही 31000रु की राशि मालवीय नगर संभाग द्वारा दी गयी ।मालवीय नगर संभाग के अध्यक्ष अजीत बड़जात्या ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रेय कार्याध्यक्ष नवीन सेन,राजस्थान अंचल के अध्यक्ष अनिल जैन , रिटायर्ड क्द्दर, निवर्तमान अध्यक्ष उत्तम कुमार पांड्या, महामंत्री महावीर बाकलीवाल, आंचलिक कार्याध्यक्ष-डॉ णमोकार जैन, तथा राजेन्द्र साह ,पश्चिम संभाग के अध्यक्ष व राष्ट्रीय मेडिकल चेयरमैन निर्मल कुमार सांघी,मालवीय नगर संभाग के अध्यक्ष अजीत बड़जात्या,मंत्री विजय कासलीवाल, कोषाध्यक्ष अरुण काला,संयुक्त मंत्री विनोद कुमार जी जैन तथा गौशाला के अन्य लोगों के अलावा मास्टर मुन्ना ,बनवारी , भंवर लाल उपस्थित थे ।मालवीय नगर संभाग द्वारा सभी राष्ट्रीय, आंचलिक, संभागीय, गौशाला पदाधिकारियों के स्वागत-सम्मान करने के पश्चात अल्पाहार कराया गया ।गायों को गुड,चारा खिलाया गया। राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष नवीन सेन साब एवं अंचल के अध्यक्ष अनिल जैन साब तथा अन्य सभी पदधिकारियों ने 50वीं स्वर्ण जयंती वर्ष महोत्सव पर प्रथम कार्यक्रम गौरक्षण हेतु करने पर मालवीय नगर संभाग की खूब सराहना की। सभी पदाधिकारियों ने आदरणीय उत्तम कुमार पांड्या को माला साफा, दुपट्टा पहना कर स्वागत सम्मानित किया और शुभकामनाएं प्रेषित की कार्यक्रम की समाप्ति पर मंत्री विजय कासलीवाल द्वारा सबका धन्यवाद आभार प्रगट किया गया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# शिव मन्दिर मे सहस्त्र जलधारा का हुआ आयोजन

## शिवालय मे गूंजे बम- बम भोले के जयकारे



रोहित जैन.शाबाश इंडिया

नसीराबाद । पवित्र सावन माह के गुरुवार को स्थानीय धोबी मोहल्ला स्थित श्री नागेशवर महादेव मन्दिर मे रामचन्दानी परिवार द्वारा सहस्त्रधारा जलाभिषेक का आयोजन किया गया जिस मे बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भाग लिया और धर्म लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के दौरान पंडितो ने विधि विधान से मंत्र उच्चारण करते हुए भगवान शिव का जलाभिषेक करवाया, इस के बाद सहस्त्रधारा का आयोजन किया गया इस के बाद शाम को भगवान शिव का भव्य श्रंगार कर महाआरती की गई इस अवसर पर नरेश रामचन्दनी (नारू) विजय रामचन्दनी, किशोर कुमार रामचन्दनी, हितेश रामचन्दनी, प्रशांत रामचन्दनी, हमाशु, भावेश,पवन हरपलानी, ठाकुर जेसवानी, बाबू मयानी, सहित अन्य शिव भक्त गण उपस्थित थे।

# महावीर इंटरनेशनल रॉयल द्वारा नवजात शिशुओं को बेबी किट वितरण




अमित गोधा. शाबाश इंडिया

**ब्यावर. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल संस्था के 50 वे स्थापना वर्ष (स्वर्ण जयंती वर्ष) के तहत सामाजिक सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस 'वात्सल्य योजना' के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर द्वारा आज दिनांक 1.8.2024 गुरुवार को राजकीय अमृतकोर चिकित्सालय ब्यावर में नवजात शिशुओं को बेबी किट वितरित किए गए एवं नवजात शिशुओं की माताओं को सफाई के बारे में समझाया और उन्हें बताया कि बच्चों को 6माह तक माँ का दूध ही दे ताकि शिशुओ में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े।बच्चों को समय पर टीके लगवाए। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष अशोक पालडेचा, अभिषेक नाहटा, संध्या बोहरा, प्रियंका कांठेड़,रुपा कोठारी, राजलक्ष्मी धारीवाल, दिलीप दक,बाबुलाल आच्छा, पुष्पेन्द्र चौधरी, राजेश मेहता,पदम बिनायकिया,मोहित कांठेड़, अशोक कोठारी, सुरेन्द्र रांका, मेहुल बोहरा, जितेन्द्र धारीवाल आदि सदस्य उपस्थित हुए।

# धर्म आराधना करके घटा सकते हम भगवान से अपनी दूरिया, सुधार सकते जीवन की गति: आचार्य सुंदरसागर महाराज

## निर्मल व पावन हो हमारे भाव, हमारे भावों की स्थिति ही तय करेंगे गुणस्थान

सुनील पाटनी. शाबास इंडिया



भीलवाड़ा। धर्म की आराधना करके जीवन में अपने भावों को उज्जवल बनाना चाहिए। हमारे भाव पवित्र व पावन होने चाहिए। हमारे भावों की स्थिति ही हमारा गुणस्थान तय करेंगे। हम चाहते है कि उच्च गुण स्थान की प्राप्ति हो तो अपने भाव भी उत्तम रखने होंगे। कर्मो का क्षय, उपशम,क्षयोपशम ओर उदय के समय जो भाव बनते है वहीं आत्मा के गुणस्थान को तय करते है। ये विचार शहर के शास्त्रीनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित सुपार्श्वनाथ पार्क में श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के तत्वावधान में चातुर्मासिक (वषायोग) प्रवचन के तहत गुरुवार को राष्ट्रीय संत दिगम्बर जैन आचार्य पूज्य सुंदरसागर महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यदि हम अपनी विशुद्धि बढ़ाना चाहते है तो प्रभु भक्ति में समर्पित हो जाना चाहिए ओर भगवान से अपनी दूरियां घटाने का प्रयास करते हुए धर्म आराधना में लगे रहना चाहिए। निरन्तर प्रभु की भक्ति करते रहेंगे तो निश्चित रूप से एक दिन अपने भावों को विशुद्ध करते हुए राग,द्वेष, मोह, अभिमान को कम करते हुए मोक्ष मार्ग की तरफ प्रशस्त होंगे। आचार्यश्री ने कहा कि मोक्षमार्गी बनने के लिए जिनवाणी श्रवण करने के साथ निरन्तर धर्म की मयार्दा के अनुरूप जीवन जीना होगा। हमारा आचरण ऐसा हो श्रेष्ठकारी हो जो हमारी भगवत्ता को प्रकट करें। हमारे कर्मो की गति ही हमारे जीवन की दशा व दिशा तय करती है। इससे पूर्व नवदीक्षित मुनि ने कहा कि परम्परा के नाम पर गलत कार्य नहीं होने चाहिए। किसी भी परम्परा में उलझने की बजाय उसे पहले सत्य की कसौटी पर कसा जाना चाहिए। उसमें सही मिलने पर ही उसका अनुकरण करना चाहिए। कई बार हम परम्परा के नाम पर वो कार्य कर जाते है जो धर्म व समाज के अनुकूल नहीं होते। हमे अपने धर्म के अनुकूल जो परम्पराएं हो उनका अनुकरण करने के साथ जो परम्परा धर्म की मयार्दा के विपरीत हो उसे छोड़ना चाहिए। श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश पाटनी ने बताया कि सभा में भागचंद विजयकुमार काला का चातुर्मास में मंगलकलश पुण्यार्जक बनने पर समाज द्वारा स्वागत अभिनंदन करते हुए इस पुनीत कार्य के लिए हार्दिक अनुमोदना की गई। धर्मसभा के प्रारंभ में बाहर से पधारे भक्तगणों द्वारा दीप प्रज्वल करने के बाद पूज्य आचार्य गुरूवर का पाद प्रक्षालन कर उन्हें शास्त्र भेंट किए गए। समिति के मीडिया प्रभारी भागचंद पाटनी ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों से प्रवचन लाभ पाने के लिए श्रावक-श्राविकाएं सुपार्श्वनाथ पार्क पहुंच रहे है। वषायोग के नियमित कार्यक्रम श्रृंखला के तहत प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे भगवान का अभिषेक शांतिधारा, सुबह 8.15 बजे दैनिक प्रवचन, सुबह 10 बजे आहार चर्या, दोपहर 3 बजे शास्त्र स्वाध्याय चर्चा, शाम 6.30 बजे शंका समाधान सत्र के बाद गुरू भक्ति एवं आरती का आयोजन हो रहा है।

भागचंद पाटनी, मीडिया प्रभारी

# परिचय सम्मेलन कार्यालय का शुभारंभ

## प्रचार प्रसार पोस्टर का भी हुआ विमोचन



**राजेश जैन ददू. शाबाश इंडिया**

भोपाल। अपने 31 वे वर्ष में प्रवेश करने वाले विश्व प्रसिद्ध अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन (टोंग्या जी वाला) की शुरूआत मंगलाचरण से हुई धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन ददू ने बताया कि उसके बाद कार्यालय का शुभारंभ हमारे भोपाल जैन समाज के यशस्वी अध्यक्ष मनोज जैन के कर कमलों से पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर,जवाहर चौक भोपाल में किया गया।आज इस अवसर पर भोपाल में पधारे हुए भारत वर्ष और एमपी, छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र एवं गुरू ग्राम के क्षेत्रीय संयोजकगण उपस्थित रहे।साथ ही प्रचार प्रसार पोस्टर का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम के स्वागत भाषण में महामंत्री इंजीनियर विनोद जैन ने अपनी बात रखते हुए बताया कि इस बार का परिचय सम्मेलन 21 से 23 दिसंबर 2024 को आयोजित किया जा रहा है।जिसमें 1 अगस्त से पंजीयन प्रारंभ हो चुके है ये ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनो माध्यम से किए जा रहे है।पंचायत कमेटी के अध्यक्ष मनोज जैन बागा ने अपनी बात रखते हुए कहा की पूरी समाज का इसमें तन ,मन और धन से सहयोग रहेगा ।हम इसे पूरे भारत वर्ष में जन जन तक पहुंचाने की कोशिश करेंगे जिससे सभी को इसका लाभ मिले।परिचय सम्मेलन समिति के संयोजक नरेंद्र टोंग्या जी ने अपनी बात रखते हुए कहा की इसे इस वर्ष और भी बेहतर और सुसज्जित बनाया जायेगा। जिससे आने वाले किसी भी आगुंतक को कोई भी परेशानी ना हो।राजेश जैन पूर्व आईएएस ने अपनी बात रखते हुए कुछ सुझाव दिए।विजय मोदी जी ने अपनी बात रखते हुए कहा की हमें आज से ही इस मुहिम में जुड़ जाना है और मिलन स्मारिका में प्रकाशित पंजीयन को बड़ाना है।कार्यक्रम के अंत ने समिति के उजावान अध्यक्ष आदरणीय मनोहर लाल जी टोंग्या, एवं कार्याध्यक्ष श्री प्रमोद जैन हिमांशु ने सबसे सहयोग की अपील की और आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का सफल संचालन डा.राजीव जैन ने किया। कार्यक्रम में प्रमोद जैन हिमांशु, रवींद्र जैन पत्रकार,चंद्रकुमार जैन सरस्वती, पदम सेठी, आदित्य मनया, राकेश जैन अनुपम,नरेंद्र वंदना, मनोज प्रधान ,नितिन नांदगांवकर, पंकज सुपारी, अरविंद सुपारी, आलोक जैन पंचरतन, मनोज जैन भारत, शशि टोंग्या , प्रीति टोंग्या, डॉक्टर भारती जैन, महिला मंडल की सभी सदस्य, समिति के सभी सदस्य और जैन मंदिरों के अध्यक्ष, पधाधिकारी गण एवम समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

# जीत के बाद सरबजोत ने इंडिया हाउस में चखे गोलगप्पे और डोसा




**पेरिस. शाबाश इंडिया**

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीत के बाद 'इंडिया हाउस' में गोलगप्पे, भेल और डोसा का आनंद लिया।सिंह और मनु भाकर ने दक्षिण कोरिया को 16-10 से हराकर भारत को ओलंपिक में दूसरा पदक दिलाया।22 वर्षीय सरबजोत अन्य खिलाड़ियों के साथ जीत के तुरंत बाद इंडिया हाउस पहुंचे। रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष नीता अंबानी ने पदक विजेताओं का स्वागत किया, तो वहीं खिलाड़ियों ने 'इंडिया हाउस' में घर का खाना पाकर अपनी खुशी जाहिर की। रिलायंस फाउंडेशन ने 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी में दिलचस्पी रखने वाले भारत के खिलाड़ियों के लिए 'इंडिया हाउस' बनाया है, जो भारतीय वास्तुकला और व्यंजनों को प्रदर्शित करता है। खाने के बाद खिलाड़ियों ने फिल्म 'आरआरआर' के 'नाटू-नाटू' गीत पर भी डांस किया। 'इंडिया हाउस' ने खिलाड़ियों को घर जैसा माहौल और भारतीय संस्कृति का अनुभव कराया। यहां सुबह के योग सत्र और बॉलीवुड डांस की क्लासेस स्थानीय लोगों में काफी लोकप्रिय हैं।

# णमोकार महामंत्र की महिमा जिनवाणी का सार हैं, एक-एक अक्षर और मात्रा का अपना महत्व और अतिशय हैं: मुनि श्री विनय सागर जी




**सोनल जैन. शाबाश इंडिया**

भिंड ।35 दिवसीय विधान में उमड़ रहे भक्त उच्चाणाचार्य श्री 108 विनम्र सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम-पूज्य गुरुदेव जिन मंदिर जीर्णोद्धारक संत, प्रशांत मूर्ति श्रमण मुनि श्री 108 विनय सागर जी गुरुदेव के सानिध्य में श्री 1008 महावीर कीर्तिस्तंभ मंदिर लश्कर रोड भिंड में आयोजित णमोकार जिनस्तुति विधान के आठवें दिन पूज्य गुरुदेव के सानिध्य में जिन अभिषेक एवम् शांतिधारा हुई जिसके बाद श्री गुरुशास्त्र की पूजा के बाद विधान प्रारम्भ हुआ। विधान को विस्तृत रुप से समझाया नवकार का महत्व और उसके एक-एक अक्षर मात्रा का अतिशय भी बतलाया। पूज्य गुरुदेव ने अपने प्रवचन में बताया कि णमोकार महामंत्र की महिमा जिनवाणी का सार हैं, एक एक अक्षर ओर मात्रा का अपना महत्व और अतिशय हैं, जिसकी आज विधान के माध्यम से भक्ति की गई संगीतकार विशाल जैन की भजन प्रस्तुति से सभी उपस्थित विधानकर्ता ने आनंद लिया एवम, नृत्य प्रस्तुत हुए। इस णमोकार महामण्डल विधान में पुण्य शुद्धि वर्धक वर्षायोग के अध्यक्ष सपना जैन, उपाध्यक्ष सुनीता मोदी, कोषाध्यक्ष सुमन जैन, विनोद जैन, अभिषेक जैन, अमन जैन, विक्की जैन, महावीरे जैन, संगीता पवैया, समता पवैया, नेहा दुर्गा जैन, ज्योति जैन, मीरा मोदी, महेश पहाड़िया, मंजू जैन, साक्षी जैन, शालू जैन, नीलेश जैन, प्रीति जैन, मानू जैन, रेखा जैन, अतुल जैन, अंशिका जैन, दिव्या तनु जैन उपस्थित थे।

# अहिंसा, शाकाहार एवं भगवान महावीर के सिद्धांतों का प्रचार प्रसार कर जयपुर लौटा 7 दिवसीय धार्मिक यात्रा दल

## 23 तीर्थ क्षेत्रों के सैकड़ों मंदिरों की दर्शन-वन्दना सहित कई आचार्य, मुनि -आर्यिका संघों से लिया आशीर्वाद







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन पद यात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में 23 तीर्थों के सैकड़ों मंदिरों की दर्शन वन्दना एवं यात्रा सहित भगवान महावीर के सिद्धांतों एवं अहिंसा शाकाहार का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य को लेकर गत 25 जुलाई को जयपुर से रवाना हुआ 7 दिवसीय जैन तीर्थक्षेत्र धार्मिक यात्रा दल गुरुवार को जयपुर लौटा। इस मौके पर सभी यात्रियों का समाज बन्धुओं की ओर से भावभीना स्वागत किया गया। संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन, यात्रा दल के मुख्य संयोजक अमर चन्द दीवान खोराबीसल, संयोजक सुरेश ठोलिया, सूर्य प्रकाश छाबड़ा, सलिल जैन, राजेन्द्र जैन मोजमाबाद, मैना बाकलीवाल, देवेन्द्र गिरधरवाल, विक्रम जैन खोराबीसल के नेतृत्व में गये 101 सदस्यीय दल ने यात्रा के दौरान सामूहिक पूजा, अभिषेक, शांतिधारा, महाआरती,पर्वत वन्दना एवं धार्मिक गतिविधियों सहित भगवान महावीर के सिद्धांतों एवं अहिंसा शाकाहार का प्रचार प्रसार कर जनमानस को जागृत किया। संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन ने बताया कि यात्रा के दौरान गुंशी में निमार्णाधीन विज्ञा तीर्थ एवं स्वस्ति धाम जहाजपुर में जहाज मंदिर में विराजमान भू गर्भ से प्रकटित भगवान मुनिसुव्रतनाथ के दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए चित्तौड़गढ़ में धार्मिक हाऊजी के माध्यम से जैन धर्म की ज्ञान वर्धक जानकारी यात्रियों को दी गई। मंदसौर के बही पार्श्वनाथ तीर्थ क्षेत्र में यात्रियों ने सामूहिक श्री शांतिनाथ महामण्ड्ल विधान पूजा कर सारा वातावरण भक्तिमय बना दिया। मुख्य संयोजक अमर चन्द दीवान खोराबीसल एवं संयोजक सुरेश ठोलिया ने बताया कि यात्रा के दौरान आचार्य पुष्प दंत सागर ,आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज, गुणायतन प्रणेता मुनि प्रमाण सागर, मुनि विनम्र सागर महाराज, गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी, गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी, आर्यिका सरस्वती के दर्शन लाभ प्राप्त कर आशीर्वचनों का लाभ उठाया। संयोजक सूर्य प्रकाश छाबड़ा एवं सलिल जैन ने बताया कि बावन गजाजी में पर्वत वन्दना के बाद पुरुष यात्रियों ने भगवान आदिनाथ की खडगासन प्रतिमा के अभिषेक, शांतिधारा कर पुण्यार्जन किया। संघ के प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इन्दौर में ढाई द्वीप मंदिर, गौम्मट गिरी, नवग्रह मंदिर, सुमतिधाम, कांच का मंदिर दर्शन के बाद भगवान पार्श्वनाथ की महाआरती की गई।उज्जैन के महावीर तपोभूमि में भगवान महावीर की खडगासन प्रतिमा के अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा अर्चना की गई। पूजा के दौरान सुभाष चन्द जैन, अमर दीवान खोराबीसल, सुरेश ठोलिया, सूर्य प्रकाश छाबड़ा, सलिल जैन, राजेन्द्र जैन मोजमाबाद, मैना बाकलीवाल, देवेन्द्र गिरधरवाल, विक्रम जैन, सुनील चौधरी, मोना बाकलीवाल, शकुंतला पाण्डया, मीना चौधरी सहित सभी यात्रियों द्वारा भक्ति नृत्य करते हुए अर्घ्य चढाये गये। झालरापाटन में भगवान शांतिनाथ के दर्शन लाभ पश्चात भक्ति संध्या एवं सामूहिक महाआरती की गई। अतिशय क्षेत्र चांदखेडी में मूलनायक भगवान आदिनाथ के सामूहिक अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा अर्चना की गई। भोजन के बाद देश भक्ति पर आधारित मेरा भारत महान हाऊजी का सभी ने आनन्द लिया। संघ के प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि यात्रा के दौरान सभी साधु संतो को राजस्थान जैन सभा जयपुर द्वारा प्रकाशित महावीर जयंती स्मारिका सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन के नेतृत्व में भेट की गई। इस मौके पर कार्यकारिणी सदस्य अमर चन्द दीवान खोराबीसल,सूर्य प्रकाश छाबड़ा, मीना चौधरी सहित पदयात्रा संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। श्री जैन के मुताबिक यात्रा दल जयपुर से रवाना होकर विज्ञा तीर्थ गुन्शी, जहाजपुर स्वस्तिधाम, मंदसौर बही पार्श्वनाथ, शीतल तीर्थ रतलाम,मानतुंगगिरी, बावनगजाजी, पावागिरी, सनावद, सिद्धवरकूट, इन्दौर, बनेडिया जी, गोम्मटगिरी, सुमतिनाथ धाम, पुष्पगिरी, मक्शी पारसनाथ, उज्जैन, महावीर तपोभूमि, सुस नेर, झालरापाटन, चांदखेडी, कोटा होते हुए जयपुर लौटा। यात्रा दल के जयपुर लौटने पर भट्टारक जी की नसियां के बाहर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, राजस्थान जैन सभा जयपुर के महामंत्री मनीष बैद सहित श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर के प्रकाश गंगवाल, मनीष लुहाडिया,जिनेन्द्र जैन, पवन जैन, सुशील जैन सहित समाज बन्धुओं ने जयकारों के बीच सभी यात्रियों का भावभीना स्वागत किया।





# अणुव्रतों के पालन से संकल्प शक्ति बढ़ती है: मुनि प्रणम्य सागर महाराज

**जयपुर में पहली बार मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर चल रहा पार्श्व पुराण का वाचन**

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मुखारबिन्द से मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन किया गया जिसमें जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के पिछले भवों के बारे में बताते हुए वज्रघोष हाथी द्वारा अणुव्रतों के पालन करते हुए अपनी इस पर्याय का समतापूर्वक त्याग करने का संजीव मंचन किया गया। कथा के दौरान सजीव पात्रों ने मनमोहक अभिनय कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मुनि श्री ने कहा कि पर्याय में गमन ईश्वर द्वारा नहीं अपितु हमारे कर्मों द्वारा जनित होता है। वज्रघोष हाथी के वृतांत में बताया कि अणुव्रतों के पालन करने से संकल्प शक्ति बढती है। मरते वक्त यदि जीव सन्यास धारण करता है तो वह आने वाले भवों में संसार चक्र से छुटकारा पाने सकता है। मुनि श्री ने कहा कि ॐ में पंचपरमेष्ठी समाये हुए हैं और अर्हम में जिनवाणी समायी हुई है। मुनि श्री द्वारा श्रद्धालुओं को अर्हम ध्यान योग के अन्तर्गत अरिहंत परमेष्ठी का ध्यान करवाया गया। इससे पूर्व मनीष - रचना चौधरी एवं संगीतकार नरेन्द्र जैन के निर्देशन में आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढाया गया। तत्पश्चात इन्द्रमल, अशोक कुमार, राजेन्द्र बाकलीवाल अशोका इलेक्ट्रीकल्स परिवार द्वारा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया गया। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन एवं उन्हें शास्त्र भेट कर पुण्यार्जन किया गया। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, जिला महामंत्री सुभाष बज, प्रदीप चूडीवाल,सुनील बज, धन कुमार कासलीवाल, पुष्पा पाटोदी सहित मंदिर समिति अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, मंत्री राजेन्द्र सेठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बैनाडा, उपाध्यक्ष तेज करण चौधरी, कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र जैन,संयुक्त मंत्री मनोज जैन, संगठन मंत्री अशोक सेठी, सांस्कृतिक मंत्री जम्बू सोगानी,एडवोकेट राजेश काला, अशोक गोधा सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज ससंघ को श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन से जुड़े हुए विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मीरामार्ग के श्री आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में शुक्रवार 2 अगस्त को प्रातः 8.15 बजे श्री पार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन आयोजन किया जाएगा इस मौके पर आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की पूजा एवं मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होगें। मुनि श्री की आहारचर्या प्रातः 9:40 बजे होगी। दोपहर में 3.00 बजे शास्त्र चर्चा होगी। गुरुभक्ति एवं आरती सांय 6:30 बजे एवं वैयावृत्ति रात्रि 8:30 बजे होगी।



